## गंदगी और कचरा फैलाने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया

रतलाम | मंगलवार को गंदगी और कचरा फैलाने वाले 14 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया। इनमें नासिर अहमद कबाड़ी हाट की चौकी पर 5000 रुपए, हाकमसिंह, मनीष गोशाला रोड, मोहम्मद शाकिर हाट की चौकी, अमित शहर सराय पर 500 रुपए, सुरेश पांचाल, पाटीदार इलेक्ट्रॉनिक गोशाला रोड, अब्दुल हुसैन हाट की चौकी पर 250 रुपए, अनुराग व अनवर हुसैन, राकेश हाट की चौकी आदि पर जुर्माना लगाया।

# गंदगी फैलाने पर 19 व्यक्तियों पर 1000-1000 का जुर्माना

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

5-1-2021



नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कसारा बाजार क्षेत्र में गंदगी करने पर दीपक जैन, यशवन्त, मनीष, संजय कुमार, आदित्य, देवीराम-पन्नाजी, सौरभ कसेरा, न्यू राज बर्तन भण्डार, विशाल कसेरा, धुरा रणछोड़, सचिन, विजय कुमार, विजयश्री, बाबुलाल, जगदीश, सांवरिया बर्तन, राधेश्याम, बम्बईवाला बर्तन भण्डार व अशोक पर 1000-1000 रूपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## अतिक्रमण व गंदगी करने पर होगा जुर्माना

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों मे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात कीचन मे बनी हुई खाद्य सामग्री, फल-सब्जी के छिलके, घास व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीन, सूखा कचरा अर्थात पुस्ट्रा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीन, घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बे, पेस्टीसाइड के डिब्बे, सीएफएल, ट्यूबलाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिये काला डस्टबीन तथा मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिरिंज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिये पीला डस्टबीन रखकर अपने घरों एवं दुकानों तथा प्रतिष्ठानों में ही कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालकर कचरा पृथक्कीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जो नागरिक या दुकानदार उक्तानुसार कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करेगा व खुले में कचरा डालने वाले उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।

सीएसपी ने दरोगा को फटकारा • हाकिमवाड़ा चौराहा के रहवासियों का विरोध

# सड़क पर गंदे पानी की शिकायत के बाद भी कोई नहीं आया, चक्काजाम किया तो दो घंटे में सफाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

6-1-2021

नालियां जाम होने से सड़क पर भराने वाले गंदे पानी से परेशान हाकिमवाड़ा के रहवासियों का गुस्सा मंगलवार सुबह 11.45 बजे फूट पड़ा। घरों से बाहर निकल महिला, पुरुष व बच्चों ने मुख्य रास्ता जाम कर दिया। वाहनों की कतार लगना शुरू हुई तो जानकारी मिलने पर सीएसपी हेमंत चौहान मौके पर पहुंचे।

सीएसपी ने दरोगा और सफाई कर्मचारियों को फटकार लगा दी। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह



हाकिमवाड़ा चौराहे पर चक्काजाम करते रहवासी।

निगम की जेसीबी लेकर पहुंचे और नालियों को खोलना शुरू किया। तब करीब 1.30 बजे जाम खोला। रहवासी रोहित भाटिया, अमन गांधी, विक्की भल्ला, अशोक देवड़ा, धर्मेंद्र शर्मा, बंटी ठाकुर ने बताया कि कई दिनों से नाली के गंदे पानी की शिकायत कर रहे थे।

## मिट्टी धंसने से जाम हुई नाली

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने बताया कि लोगों से बात कर तुरंत जेसीबी मंगवाकर जाम नालियों को खोल दिया। इससे सड़क पर भरा पानी निकल गया है। सीवरेज लाइन की खुदाई से निकली मिट्टी धंसकर नाली में चली गई थी। सीवरेज ठेकेदार को मिट्टी हटाने का बोला था लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। इतना ही नहीं जिस जगह सीवरेज लाइन डालने में दिक्कत आ रही थी वहां भी खुदाई चालू करवा दी है।

# गंदगी से परेशान हाकिमवाडा के रहवासियों ने किया चक्का

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 6-1-2021

हाकिम वाडा काफी समय से सफाई नही होने और नालियों के जाम होने की वजह से नाली का गंदा पानी सडक पर आने से गुस्साए रहवासियों ने चक्काजाम कर दिया। गुस्साए नागरिकों का कहना था कि इस समस्या के लिए जनप्रतिनिधियों को भी कई बार अवगत करा दिया गया था, लेकिन कोई सुनने तैयार नही है।





## किया चक्काजाम

मंगलवार की दोपहर करीब हाकिम वाडा चौराहे पर क्षेत्रीय रहवासियों ने चक्काजाम कर दिया। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बिगडा गई और लम्बा जाम लग गया। चक्काजाम की सूचना पर सीएसपी हेमन्त चौहान मौके पर पहुँचे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से जाम खोलने को कहा, लेकिन क्षेत्रवासी मानने को तैयार नही थे। जिसके बाद निगम के अधिकारियों को फोन लगाकर समस्या हल करने का कहा उसके बाद लोगो ने जमा खोला।

क्षेत्रीय नागरिक रोहित भाटिया, अमन गांधी, विककी भल्ला, अशोक देवड़ा, धर्मेन्द्र शर्मा, बंटी ठाकुर आदि ने बताया कि कई दिनों से नाली का पानी सडक पर आ रहा है जिससे हम लोग परेशान थे आज भी एक बच्ची नाले में गिरते-गिरते बची। इससे आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने परेशान होकर चक्काजाम किया।

**चक्काजाम करते ही शुरू हुआ काम :** क्काजाम जमा के बाद निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह भी पहुँचे और लोगो से चर्चा कर निगम से जेसीबी मंगवाई। जिस जगह सीवरेज लाइन डाल[illegible] आ रही थी वहां कार्य चालू [illegible] स्वास्थ्य अधिकारी सिंह ने [illegible] सीवरेज लाइन डालने के बाद [illegible] नाली जाम हो गई थी सीवरेज [illegible] वालो को पूर्व में भी मिट्टी हटाने [illegible] लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया [illegible] निगम ही समस्या का हाल निक[illegible]

राजएक्सप्रेस

6-1-2021

# नगरीय निकायों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

भोपाल, (प्रसं)। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दुर्गा विजय सिंह ने जानकारी दी है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए एक जनवरी, 2021 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता-सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता-सूची का अंतिम प्रकाशन तीन मार्च, 2021 को होगा। रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति पांच जनवरी तक की जाएगी। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता-सूची का नगरीय निकायों के वार्ड एवं अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 08 फरवरी, 2021 को होगा। दावा-आपत्ति केंद्रों पर 15 फरवरी तक दावे-आपत्ति लिए जाएंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 20 फरवरी तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता-सूची का नगरीय निकायों के वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन तीन मार्च, 2021 को किया जाएगा।

# मतदाता-सूची वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

रतलाम● राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए एक जनवरी की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता-सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता-सूची का अंतिम प्रकाशन 3 मार्च को होगा। रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति 5 जनवरी तक की जाएगी। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता-सूची का नगरीय निकायों के वार्ड एवं अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 फरवरी को होगा। दावा-आपत्ति केन्द्रों पर 15 फरवरी तक दावे-आपत्ति लिए जाएंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 20 फरवरी तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता-सूची का नगरीय निकायों के वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 3 मार्च को किया जाएगा।

6-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राजस्थान पत्रिका –पृष्ठ 7.....दिनांक 6-1.........2021

# गंदगी फैलाने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 6-1-2021

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निर्मल सिंह भाटी अलकापुरी व जगदीश डाट की पुल पर 500-500, साईंनाथ नमकीन नयागांव अशोक, घनश्याम डाट की पुल, राजीव, कुशवाह पानी पताशा कालिका माता, नीरज बघेल इन्द्रा नगर मेन रोड पर 250-250, तेजसिंह राठौर दो बत्ती, नितिन डाट की पुल, बबलू, ग्वालियर पानी पतासा कालिका माता दिलीप महू रोड पर 100-100, राजू काहर सनसिटी, अतिक खान, इकबाल, दिलीप महू रोड बस स्टैण्ड पर 50-50 रुपये का जुर्माना किया गया।

**लापरवाही** • नगर निगम ने 10 अक्टूबर को 8 कॉलोनाइजरों को दिए थे नोटिस

# 88 दिन बीते, अफसरों की चुप्पी कॉलोनाइजर्स पर कार्रवाई नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

6-1-2021

बिना सड़क, पानी और बिजली का इंतजाम किए प्लाट बेचने वाले कॉलोनाइजर पर कार्रवाई करने के दावे की हवा निकल गई है। नगर निगम ने 10 अक्टूबर को आठ कॉलोनाइजर्स को नोटिस देकर जवाब मांगा था। इनमें से चार ने तो जवाब तक नहीं दिए हैं।

इंजीनियर जिन्हें मूलभूत सुविधाओं और बंधक प्लॉटों की स्थिति का पता करने का जिम्मा दिया था, वे पूरी जांच भी नहीं कर पाए हैं। इस कारण नोटिस देने के 88 दिन बाद भी निगम अफसर कॉलोनाइजर्स पर कार्रवाई नहीं कर पाए हैं। जिन कॉलोनाइजर्स ने जवाब दिए हैं। वे सही या गलत, अफसर रिकॉर्ड से क्रॉस वेरिफिकेशन नहीं कर सके हैं।

## कई कॉलोनियों की फाइल ही नहीं मिल रही, जांच पूरी नहीं कर पाए इंजीनियर

निगम के सामने सबसे बड़ी चुनौती कॉलोनियों का रिकॉर्ड ढूंढने की है। शहर की 55 अविकसित कॉलोनियां में से कार्रवाई के लिए 12 कॉलोनियां चयनित की थीं। ये सभी 1998 के बाद की हैं। बाकी 43 कॉलोनियां इससे पहले विकसित की गई थीं। करीब 25 साल पुरानी कॉलोनियों में से कई के रिकॉर्ड की फाइलें ही नहीं मिल रही हैं। वहीं कुछ शहर तो कुछ दुनिया छोड़ चुके हैं। ऐसे में कार्रवाई करना किसी चुनौती से कम नहीं है। साथ ही इंजीनियर जांच ही पूरी नहीं कर पाए हैं।

### इन कॉलोनाइजर को निगम ने दिए थे नोटिस

- मनीष पूनमचंद सुराणा, सर्वे नंबर 490/2/2 रत्नेश्वर रोड
- भागचंद कोठारी, यशोवर्धन टाउनशिप 1065/3/2
- राजकुमार पूनमचंद सुराणा, रुद्रधाम, सर्वे नंबर 487/1/2 रत्नेश्वर रोड
- कालूराम गोवर्धन धाकड़, सर्वे नंबर 137/10 व 137/12, मधुवन टाउनशिप विरियाखेड़ी
- सतीश मोडीराम झंवर, सर्वे क्रमांक 548/1/3 व 548/1/4 करमदी रोड
- विजेंद्र शांतिलाल गादिया सर्वे नंबर 1023 व 1024 सुदामा परिसर
- मनीष-पूनमचंद सुराणा सर्वे नंबर 120/2 गोपाल नगर
- हसन उल्ला-अ. रहीम शेख, सर्वे क्रमांक 43/1 व अन्य एमबी नगर

### इन्होंने दिए जवाब

एमबी नगर, हसन उल्ला अ. रहीम शेख, भक्तन की बावड़ी व एक अन्य।

बुधवार को अविकसित कॉलोनियों पर चल रही कार्रवाई का रिव्यू करेंगे। नोटिस के संबंध में कुछ कॉलोनाइजरों के जवाब आए हैं। उनका परीक्षण करने के बाद आगे कदम उठाएंगे।
**सोमनाथ झारिया, आयुक्त**

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. अवन्तिका पृष्ठ ..6.... दिनांक 6-7..........2021

# स्वच्छता के मिशन में सामाजिक भागीदारी एवं दबाव होना जरुरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

6-7-2021

अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। इसके लिए सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लाटों और इधर-उधर कचरा ना फेंकें। कचरे को हमेशा नगर निगम की गाड़ियों या डस्टबिन में ही डालें। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई कार्य कर रहे हैं, लेकिन इसमें नागरिकों का सहयोग बहुत ही जरूरी है। जिस प्रकार हम अपने घर की सफाई का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी ध्यान हमें रखना होगा। अगर कोई व्यक्ति इधर-उधर कचरा डालता है, तो उसे ऐसा करने से रोकें क्योंकि स्वच्छता के इस मिशन में सामाजिक भागीदारी एवं दबाव का होना आवश्यक है। यह विचार शहर के कचरा मुक्त स्थलों पर रांगोली निर्माण के दौरान गणमान्य नागरिकों ने व्यक्त किए।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डालें। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह संकल्प शनिवार को दिलीपनगर के रहवासियों ने लिया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान सोमवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है।


जल पर

# ार, विकास में सुस्ती की मार

### स्मार्ट सिटी : राज्यांश बाकी

स्मार्ट सिटी का काम भी 5 साल में पूरा होना था। भोपाल छोड़ बाकी जगह काम अधूरा है। केंद्र से भोपाल, इंदौर को 500-500 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इतनी ही राशि राज्य को देनी है। भोपाल के लिए जारी हो गई है। इंदौर का राज्यांश दो सौ करोड़ रुपए बकाया है।

### भोपाल : आर्च ब्रिज की सौगात



**भोपाल.** राजधानी में स्मार्ट सिटी योजना के तहत 400 स्मार्ट पोल और 20 हजार एलईडी लाइट्स का काम पूरा हो चुका है। हाल ही में आर्च ब्रिज, स्मार्ट रोड की सौगात मिली है। कंट्रोल कमांड सेंटर भी शुरू हो चुका है।

**03** हजार करोड़ रुपए मिले हैं स्वच्छता मिशन में केंद्र से निकायों को। राशि साफ-सफाई, शौचालय निर्माण सहित अन्य स्वच्छता कार्यों को दी गई है।

**स्थति सुधार के प्रयास :** निकायों की वित्तीय स्थति सुधारने, आत्मनिर्भर बनाने वित्तीय प्रबंधन के अलावा वसूली पर विशेष जोर देने के निर्देश हैं। पानी, सीवेज प्रबंध में जितना खर्च किया जा रहा है, उसके अनुसार टैक्स तय किया जाएगा। संपत्तिकर कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार बढ़ाने, विज्ञापन, होर्डिंग के नियमितीकरण में टैक्स लागू करना सहित अन्य उपाय शामिल हैं।

### सीधी बात | नीतेश व्यास, प्रमुख सचिव

**स्मार्ट सिटी, अमृत योजना धरातल पर उतरने में देरी क्यों?**

*अन्य राज्यों से इन योजनाओं में आगे हैं। निकाय के कामों में यह देखा जाता है कि लोगों को आवागमन सहित अन्य कार्यों में दिक्कत न हो।*

**कई योजनाओं में केंद्रांश मिल जाता है, लेकिन राज्यांश देर से मिलता है?**

*राज्यांश भी निकायों की मांग पर दिया जाता है, योजनाओं के लिए राज्य की राशि जारी करने में देरी नहीं होती है।*

**नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर कैसे बनाएंगे?**

*निकायों को आत्मनिर्भर वित्तीय प्रबंधन से बनाया जाएगा। अपने वित्तीय प्रबंधन से ही अपना काम और विकास कार्य करना पड़ेगा।*

# सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लाटों और इधर-उधर कचरा ना फेकें

21 5
6-1-2021

रतलाम। अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। इसके लिए सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लाटों और इधर-उधर कचरा ना फेंकें। कचरे को हमेशा नगर निगम की गाड़ियों या डस्टबिन में ही डालें। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई कार्य कर रहे हैं, लेकिन इसमें नागरिकों का सहयोग बहुत ही जरूरी है। जिस प्रकार हम अपने घर की सफाई का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी ध्यान हमें रखना होगा। अगर कोई व्यक्ति इधर-उधर कचरा डालता है, तो उसे ऐसा करने से रोकें क्योंकि स्वच्छता के इस मिशन में सामाजिक भागीदारी एवं दबाव का होना आवश्यक है। यह विचार शहर के कचरा मुक्त स्थलों पर रांगोली निर्माण के दौरान गणमान्य नागरिकों ने व्यक्त किए।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार—नईदुनिया—पृष्ठ ...11...दिनांक 6-1.........2021

# घरों में घुसा नाली का पानी, नाराज लोगों ने किया चक्काजाम

## सीवरेज की खोदाई के चलते जाम हो गई थी नाली, अधिकारी मौके पर पहुंचे

**आक्रोश :** हाकिमवाड़ा में प्रदर्शन, सीवरेज की खोदाई के चलते जाम हो गई थी नाली, अधिकारी मौके पर पहुंचे

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में नालियों के जाम होने से रहवासी परेशान हैं। सीवरेज लाइन डालने के लिए की गई खोदाई, सीमेंटेड सड़कों के निर्माण के दौरान चैंबर बंद होने सहित अन्य कारणों से नालियों का पानी सड़कों पर बहने से समस्या बढ़ गई है। नाली का पानी सड़क व गलियों व घरों में भराने से नाराज हाकिमवाड़ा क्षेत्र के रहवासियों ने मंगलवार को चक्काजाम कर दिया। पुलिस व निगम अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नाली का जाम खुलवाने की कार्रवाई शुरू करवाई तब मामला शांत हुआ।

मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे हाकिमवाड़ा क्षेत्र में चक्काजाम के चलते वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर सीएसपी हेमंत चौहान मौके पर पहुंचे। लोगों से बात करने के बाद सीएसपी ने निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को समस्या निराकरण के लिए मौके पर बुलाया।



हाकिमवाड़ा में चक्काजाम कर प्रदर्शन करते हुए रहवासी। • नईदुनिया 6-1-2021

दरअसल क्षेत्र में नाली जाम होने से करीब एक सप्ताह से नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। सोमवार को सक्शन कम जेट मशीन से निगम अमले ने नाली खोलने की कोशिश की, लेकिन पानी नहीं निकला। मंगलवार को गलियों में भी पानी भराने से नाराज होकर लोगों ने चक्काजाम कर दिया। स्थानीय रहवासी धर्मेंद्र शर्मा, रोहित भाटिया, प्रद्युमन शर्मा आदि ने बताया कि सुनवाई नहीं होने पर चक्काजाम करना पड़ा।




चक्काजाम के बाद जाम नाली खुलवाने के लिए खोदाई की गई। • नईदुनिया

### जेसीबी से करवाई खोदाई

चक्काजाम होने पर नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह मौके पर पहुंचे। इसके बाद मौके पर जेसीबी बुलाकर सीवरेज लाइन डालने से जहां नाली जाम हो गई थी, वहां खोदाई करवाकर सुधार करवाया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सिंह ने बताया कि सीवरेज लाइन के लिए खोदाई में मिट्टी धंसने से नाली जाम हो गई थी। सीवरेज निर्माण कंपनी को कई बार मिट्टी हटाने के लिए कहा, लेकिन ध्यान नहीं दिया। अब नगर निगम अमला ही इसका निराकरण कर रहा है।

### स्टेशन रोड पर भी समस्या

गत एक सप्ताह से ही स्टेशन रोड पर भी आबकारी कार्यालय से सिंध पंजाब होटल तक नाली जाम होने से व्यापारी परेशान हो रहे थे। नगर निगम अमले ने सोमवार को यहां प्रेशर से पानी छोड़कर जैसे-तैसे जाम नाली खोली, जिससे पानी की निकासी सामान्य हुई।

# स्वच्छता के मिशन में सामाजिक भागीदारी एवं दबाव होना जरूरी

**रतलाम। अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। इसके लिए सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लाटों और इधर–उधर कचरा ना फेंकें। कचरे को हमेशा नगर निगम की गाडियों या डस्टबिन में ही डालें। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई कार्य कर रहे हैं, लेकिन इसमें नागरिकों का सहयोग बहुत ही जरूरी है। जिस प्रकार हम अपने घर की सफाई का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी ध्यान हमें रखना होगा।**

## स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 के तहत नागरिक जागरुकता कार्यक्रमों में ले रहे है बढ़चढ़ कर हिस्सा

अगर कोई व्यक्ति इधर-उधर कचरा डालता है, तो उसे ऐसा करने से रोकें क्योंकि स्वच्छता के इस मिशन में सामाजिक भागीदारी एवं दबाव का होना आवश्यक है। यह विचार शहर के कचरा मुक्त स्थलों पर रांगोली निर्माण के दौरान गणमान्य नागरिकों ने व्यक्त किए। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह संकल्प शनिवार को दिलीपनगर के रहवासियों ने लिया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान सोमवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता है. ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार –पृष्ठ 11......दिनांक......6-1........2021

# 517 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 4 जनवरी तक 517 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 4 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 517 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 05 जनवरी को राम मंदिर, सैलाना रोड, अलकापुरी, इन्द्रा नगर से 5 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहों को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पहुंचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा। स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत लाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका ------पृष्ठ ...12...दिनांक 6-1...........2021

कलेक्टर ने की शिकायतों की सुनवाई

# नए वर्ष के पहले मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे 48 आवेदक



रतलाम @ पत्रिका. लंबे समय बाद जनसुनवाई की शुरुआत होने के बाद मंगलवार को 48 आवेदक अपनी शिकायतें लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां पर उनके द्वारा अपनी शिकायत कलेक्टर गोपालचंद्र डाड से की गई और निराकरण की मांग की गई। इस पर कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं सुनी और कुछ का तत्काल निराकरण किया तो कुछ के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी किए।

जनसुनवाई में आनंद कॉलोनी रतलाम निवासी आवेदक सैयद मुनीर अली ने आवेदन देकर बताया कि रामचंद्र पटेल उर्फ रमेश पटेल के साथ उसके द्वारा कारोबार में भागीदार बनने के साथ 22.50 लाख रुपए दिए थे लेकिन उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई हिसाब-किताब या लाभांश उसे नहीं दिया गया एवं बाद में भागीदारी कायम ना रखने की बात कहते हुए राशि लौटाने का आश्वासन दिया। तीन चेक भी दिए थे जो कि बाउंस हो गए। वहीं उसकी राशि भी नहीं लौटा रहा है। कलेक्टर ने उक्त आवेदन पुलिस अधीक्षक को भेज जांच कराने के लिए कहा।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में समस्याओं का निराकरण किया

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 6-1-2021

जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित हुई। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जनसुनवाई करते हुए आवेदकों की समस्याएं सुनी, उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए। अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन ने भी जनसुनवाई की। इस दौरान 48 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए निराकरण के लिए कार्रवाई हेतु विभागों को निर्देशित किया गया।




जनसुनवाई में आनंद कॉलोनी रतलाम निवासी आवेदक सैयद मुनीर अली ने आवेदन दिया कि प्रतिप्रार्थी लक्ष्मी कैनवास उद्योग प्रोपराइटर रामचंद पटेल उर्फ रमेश पटेल के साथ आवेदक द्वारा कारोबार में भागीदार बनने के साथ 22 लाख 50 हजार रुपए प्रतिप्रार्थी द्वारा प्राप्त किए गए परंतु प्रतिप्रार्थी द्वारा किसी प्रकार का कोई हिसाब-किताब या लाभांश प्रार्थी को नहीं दिया गया एवं बाद में भागीदारी कायम ना रखने का इरादा प्रकट करते हुए राशि लौटाने का आश्वासन दिया। तीन बैंक चेक प्रदान किए गए परंतु चेक बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गए। कार्यशील पूंजी भी नहीं लौटाई गई। प्रकरण में आवेदक द्वारा जांच की मांग की गई।

## निराकरण के दिए निर्देश

आवेदन पर कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक को जांच के लिए निर्देशित किया गया। इसी प्रकार ग्राम मऊ तहसील पिपलोदा के आवेदक मूलचंद ने आवेदन दिया कि उसके उपचार में काफी रुपया खर्च हो गया है, बाजार से कर्जा लेकर इंदौर उपचार कराया तथा गरीबी के दृष्टिगत मदद की जाए। आवेदन पर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार पिपलोदा को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से शीघ्र प्रकरण बनाकर भिजवाने के निर्देश दिए गए।

# गंदगी फैलाने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निर्मल सिंह भाटी अलकापुरी व जगदीश डाट की पुल पर 500-500, साईनाथ नमकीन नयागांव अशोक, घनश्याम डाट की पुल, राजीव, कुशवाह पानी पताशा कालिका माता, नीरज बघेल इन्द्रा नगर मेन रोड पर 250-250, तेजसिंह राठौर दो बत्ती, नितिन डाट की पुल, बबलू, ग्वालियर पानी पतासा कालिका माता दिलीप मह रोड पर 100-100, राजू काहर सनसिटी, अतिक खान, इकबाल, दिलीप महू रोड बस स्टैण्ड पर 50-50 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# 18 नए पॉजिटिव मिले, जिले में अब कुल संक्रमित 4171

भास्कर संवाददाता | रतलाम

6-1-2021

जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को 18 पॉजिटिव सामने आए हैं। इसी के साथ कुल संक्रमित 4171 हो गए हैं।




नए संक्रमितों में जवाहर नगर के 43 वर्षीय पुरुष, बसंत विहार कॉलोनी के 30 वर्षीय पुरुष, पीएनटी कॉलोनी के 50 वर्षीय पुरुष, रेलवे कॉलोनी के 52 वर्षीय पुरुष, वेद व्यास कॉलोनी 58 वर्षीय पुरुष, शांति नगर के 48 वर्षीय पुरुष, अलकापुरी की 36 वर्षीय महिला, 37 वर्ष की महिला, जवाहर नगर के 42 वर्षीय पुरुष, अलकापुरी के 28 वर्षीय पुरुष, निराला नगर के 52 वर्षीय पुरुष, विनोबानगर के 48 वर्षीय पुरुष, जावरा रोड की 48 वर्षीय महिला, स्टेशन रोड की 40 वर्षीय महिला, ग्राम चौराना की 22 वर्षीय युवती, जावरा के बड़ा मालीपुरा की 48 वर्षीय पुरुष, पिपलौदा की 50 वर्षीय महिला, शिवगढ़ की 30 वर्षीय महिला शामिल हैं।

# 388 रिपोर्ट 18 नए पॉजिटिव मिले

6-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना के नए मरीज लगातार मिल रहे हैं। मंगलवार को भी 388 रिपोर्ट में 18 नए पॉजिटिव मरीज मिले। उधर, कोरोना वैक्सीन के ड्राई रन को लेकर कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मंगलवार को मेडिकल कॉलेज लैब की 191 रिपोर्ट में 16 और रैपिड एंटीजन की 197 रिपोर्ट में दो नए पॉजिटिव मिले। 24 घंटे में 18 नए मरीज मिले और 16 डिस्चार्ज हुए, जबकि 238 एक्टिव हैं। जिले में संक्रमितों का आंकड़ा 4171 पहुंच गया और 3855 स्वस्थ हुए, जबकि 78 की मौत हुई है। जनवरी के पांच दिन में 89 नए मरीज मिले, 112 स्वस्थ हुए और राहत इस बात की है कि




मौत एक भी नहीं हुई। दिसंबर की अपेक्षा जनवरी में थोड़ी राहत है, क्योंकि दिसंबर के पांच दिन में एक मौत हो गई थी और 122 नए मरीज मिले थे। मंगलवार को जो नए मरीज मिले, उनमें शहर के जवाहर नगर, बसंत विहार कॉलोनी, पीएनटी कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, वेद व्यास कॉलोनी, शांति नगर, अलकापुरी, जवाहर नगर, अलकापुरी, निराला नगर, विनोबा नगर, जावरा रोड, स्टेशन रोड, ग्राम चौराना, जावरा के बड़ा मालीपुरा, नवलखा थाना पिपलौदा, शिवगढ़ के शामिल हैं।

नईदुनिया
6-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका ------पृष्ठ ..18...दिनांक..6-1.........2021

**देर से पूरी हो रहीं योजनाएं : सरकार का फोकस पीएम आवास योजना और स्वच्छ**

# शहरों में योजनाओं के लिए बजट की भरम

पत्रिका स्पॉटलाइट

**80** करोड़ के लगभग स्व सहायता समूहों के लिए हर साल केंद्र सरकार से

**150** करोड़ रुपए हर साल 15वें वित्त आयोग से निकायों को

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**भोपाल.** शहरों में केंद्र समर्थित विकास योजनाओं की राशि निकायों के पास पर्याप्त है, लेकिन निकायों की ढीलाढाली के चलते योजनाएं देर से पूरी हो रही हैं। स्मार्ट सिटी और अमृत योजना पांच साल के लिए लागू थी, लेकिन काम अब भी अधूरा है। योजनाएं अब 2021 में पूरी होंगी। सरकार का फोकस सभी को पीने के लिए स्वच्छ पानी और पक्के आवास पर है, जो 2022 तक सभी घरों तक पानी पहुंच जाएगा।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का बजट करीब 11 हजार करोड़ रुपए का है। ज्यादातर राशि स्थापना में ही खर्च हो जाती है। योजनाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार से अलग-अलग राशि जारी करती हैं।

इसके अलावा निकायों में करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपए राजस्व वसूली से मिलते हैं। इससे सड़क, पानी, बिजली सहित अन्य अधोसंरचना विकास का काम किया जाता है। बड़ी सड़कें लोक निर्माण विभाग की हैं। छोटी-सड़कों का निर्माण विधायक, सांसद, सहित अन्य निधियों से कराया जाता है।

## आवास : 5 हजार करोड़ जारी

केन्द्र से पांच हजार करोड़ जारी किए गए हैं। करीब पांच लाख से अधिक को आवास आवंटित हो चुके हैं। सभी को 2022 तक पक्के मकान देने का लक्ष्य है। इसमें करीब चार हजार करोड़ रुपए और केन्द्र सरकार से राशि लेना है, जो मार्च से पहले जारी होने की संभावना है।

### ऐसे हाल : किराये से रह रहे हैं




**धार.** शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत हुए 412 हितग्राहियों को इन दिनों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हितग्राहियों ने कच्चा घर तोड़ दिया, उन्हें अब किराए से रहना पड़ रहा है। दूसरी किस्त की राशि भी नहीं मिली है।

## अमृत : 6 हजार करोड़ दिए

5 साल पहले लागू हुई अमृत योजना में एक लाख से अधिक आबादी वाले 34 निकाय शामिल हैं। सीवेज लाइन, पेयजल लाइन, पार्क सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्यों के लिए 6000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। काम निकायों को 2020 में कराने थे। योजना की समयावधि एक साल बढ़ाई गई है।

### ऐसे हाल : फिर भी गंदगी



**खरगोन.** 2017 में सीवरेज प्रोजेक्ट का काम शुरू हुआ था। यह 2019 में पूरा होना था। योजना पर लगभग 50 करोड़ खर्च होने के बाद भी गंदगी से मुक्ति नहीं मिल पाई। 12 हजार में से सिर्फ आधे घरों में कनेक्शन हो पाए हैं।

# शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी की भागीदारी हो

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष ने नागरिकों को दिलाया स्वच्छ और सुंदर रतलाम बनाने का संकल्प

सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम

5-1-2021



मन में उमंग हो और कुछ करने की ईमानदार कोशिश की जाए तो कामयाबी रास्ता तलाशते खुद पास आ जाती है। शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी सबकी है। इसमें हर शख्स की भागीदारी भी होना चाहिए और इसके लिए उसके मन में कसक भी उठना चाहिए। स्वच्छता आज की जरूरत है, कोरोना सहित अन्य बीमारियों और महामारियों के इस काल में एक मात्र स्वच्छता ही हमारा जीवन बचा सकती है। इसलिए स्वच्छता बनाए रखे और रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी अपनी भागीदारी निभाए।

उक्त विचार रतलाम स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी अनोखीलाल कटारिया ने व्यक्त किए। श्री कटारिया हरियाणा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित एंटी कोरोना नस्य आयुर्वेदिक औषधि प्रदर्शन व वितरण समारोह में आए नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शपथ दिला रहे थे। इस मौके पर सफाई मित्र समूह ने स्वच्छता का संदेश देने वाली आकर्षक रांगोली का निर्माण भी किया।

इस मौके पर समाजसेवी गोपाल टंच, राधावल्लभ खण्डेलवाल, बंशीलाल शर्मा, सुनील पाल अनिल कटारिया आदि उपस्थित रहे। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–इन्दौर समाचार–पृष्ठ 12....दिनांक 6-1......2021

# नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये

रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार नई दुनिया --पृष्ठ 14 ....दिनांक 6-1 .......2021

## मुख्यमंत्री आज करेंगे स्वनिधि संवाद

रतलाम। पीएम स्वनिधि योजना में दो लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरण पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान लाभार्थियों से किए जाने वाले संवाद व संबोधन का सीधा प्रसारण 06 जनवरी को दोपहर 2 बजे से बरबड़ स्थित विधायक सभाग्रह में एलईडी वॉल स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, नागरिक व हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–––पृष्ठ 3.....दिनांक 6-1.........2021

# गंदगी फैलाने पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर नासिर अहमद कबाड़ी हाट की चौकी पर 5000, हाकमसिंह, मनीष गोशाला रोड, मोहम्मद शाकिर हाट की चौकी, अमित शहर सराय पर 500-500, सुरेश पांचाल, पाटीदार इलेक्ट्रॉनिक गोशाला रोड, अब्दुल हुसैन हाट की चौकी पर 250, अनुराग अनवर हुसैन बाजना बस स्टैंड, गोपाल गोशाला रोड, राकेश हाट की चौकी, छोटू ऑटो गैरेज पर 100-100, राजू सोनी दो बत्ती, कल्लू हाट की चौकी पर 50-50 रुपये का जुर्माना किया गया।






# सफाई व अन्य मुद्दों को लेकर हाकीम वाडा में नागरिकों ने किया चक्का जाम

**रतलाम।** हाकिम वाड़ा में सफाई स्थिति बदतर ही है नाली का गंदा पानी सड़क पर आने से चक्का जाम करते नागरिकों का गुस्सा फूटा पड़ा इस इलाके जनप्रतिनिधि को भी कॉल किया था लेकिन कोई सुनने तैयार नहीं था।

इस को लेकर दोपहर करीब 11.45 बजे हाकिम वाड़ा चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। जिससे पूरी ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ा एंव लम्बी कतार लग गई। चक्काजाम की सूचना सोश्यल मीडिया पर जारी होने के तुरंत सीएसपी हेमन्त सिंह चौहान मौके पर पहुँचे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से जमा खोलने को कहा लेकिन क्षेत्रवासी मानने को तैयार नहीं थे। उन्होंने निगम को कॉल कर क्षेत्र की समस्या बताई तब जाकर लोगों ने जाम खोला। क्षेत्र नागरिक रोहित भाटिया,अमन गांधी, विक्की भाद्रा, अशोक देवड़ा, धर्मेन्द्र शर्मा, बंटी ठाकुर आदि ने बताया कि कई दिनों से नाली के पानी सड़क पर आ जाने से परेशान थे। आज भी एक बच्ची नाले में गिरते-गिरते बची। इससे आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने परेशान होकर किया चक्काजाम।

**चक्काजाम करते ही शुरू हुआ काम –** चक्काजाम जमा के बाद निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह भी पहुंच गए और लोगो से चर्चा कर निगम से जेसीबी मंगवाई। जिस जगह सीवरेज लाइन डालने दिक्कत आ रही थी वहां कार्य चालू करवाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी सिंह ने बताय की सीवरेज लाइन डालने के बाद मिट्टी धसने से नाली जमा हो गई थी। सीवरेज कार्य करने वालों को पूर्व में भी मिट्टी हटाने को बोला था लेकिन उसने ध्यान नही दिया। इसलिए नगर निगम ही समस्या का हल निकाल रहा है।

निगम आयुक्त झारिया ने ली बैठक

# स्वच्छता के लिए 17 को दौड़ेगा रतलाम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 6-1-2021

**रतलाम.** नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक होने से सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु 17 जनवरी को रैली आयोजित किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मंगलवार शाम को निगम अधिकारी व निगम सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों की बैठक ली।

बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने निर्देशित किया कि नगर स्वच्छता में नम्बर 1 तभी बन सकता है जब नगर का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो। नागरिकों को जागरूक किये जाने हेतु 17 जनवरी को स्वच्छता रैली का आयोजन किया जाना है। इस हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये।

बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने निर्देशित किया कि आयोजित रैली में जनप्रतिनिधि, नगर निगम सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वंय सेवी व सामाजिक संस्थाऐं, शिक्षक, विद्यार्थी, नागरिक को सम्मिलित किया जाकर स्वच्छता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाये।

आयोजित की जाने वाली रैली में स्वच्छता यात्रा, नागरिकों को निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं, निगम के करो का समय पर भुगतान किये जाने के संदेश का चलित माडल से प्रचार-प्रसार, 3 आर की प्रस्तुति, नागरिकों से सिटीजन फीड बैक, कचरा पृथक्कीकरण के लिये चार डस्टबीन रखे जाने के प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त झारिया ने बैठक में संबंधितों को दिये।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 की तैयारी जारी

# स्वच्छताः आधी रात को निगम कर्मचारियों ने की सफाई



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 6-1-2021

**रतलाम.** नगर निगम का स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 की तैयारी जारी है। इसके लिए रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सोमवार - मंगलवार की देर रात करीब 1 बजे सफाई का कार्य किया गया। निगम कर्मचारियों के अनुसार दिनभर भीड़ रहने के चलते उन्होंने ही निर्णय लिया कि सुबह के साथ साथ देर रात को भी सफाई की ज जाएगी।

नगर निगम का स्वच्छता को लेकर सर्वेक्षण कार्य जारी है। इसके लिए एक माह से कई प्रकार के सवाल शहरवासियों से किए जा रहे है। इसके अलावा आमजन को स्वच्छता के बारे में गीला व सूखा कचरे में भेद बताया जा रहा है। इन सब के बीच शहर में स्वच्छता के दौरान गंदगी करने वालों पर जुर्माने का कार्य जारी रहा। शहर के विभिन्न मोहल्लों में जाकर निगम कर्मचारियों ने गंदगी करने वालों पर अर्थदंड लगाया।

## इसलिए गए रात को

असल में स्टेशन रोड पर दिनभर चहल पहल रहती है। इसके अलावा दुकानों के बाहर ग्राहकों की भीड़ रहती है। इसलिए नालियों में जमा गंदगी को साफ करने के लिए कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के कहने पर कर्मचारियों ने आधी रात को स्टेशन रोड की दुकानों के बाहर स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया। क्षेत्र के रहवासियों व कारोबारियों ने बताया कि पहली बार रात में निगम का दल सफाई करने आया।